मंगलवार
22 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सीताराम विवाह महोत्सवः व्यासपीठ के पूजन के साथ नौ दिनी श्रीमद्भागवत कथा शुरू 4



प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता के औकात दिखा देने वाले बयान पर कसा तंज

# मोदी बोले...मैं तो जनता का सेवक हूं, मेरी औकात ही क्या है



**एजेंसी/अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद के सुरेंद्रनगर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के औकात दिखा देने वाले बयान पर तंज कसा है। मोदी ने कहा कि मैं तो जनता का सेवक हूं, मेरी औकात ही क्या है। कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने कहा था- चुनाव में पीएम मोदी को औकात दिख जाएगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले कहते हैं कि मोदी को औकात दिखा देंगे। अहंकार है भाइयों अहंकार, मोदी को औकात दिखा देंगे। अरे माई-बाप आप तो राज परिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं। मेरी कोई औकात नहीं है। तुम मेरी औकात मत दिखाओ। मैं तो सेवादार हूं, नौकर हूं, सेवादार की कोई औकात नहीं होती है। सुरेंद्रनगर में मोदी बोले, 'तुमने मुझे नीच कहा, नीची जाति का कहा। तुमने मौत का सौदागर कहा, गंदी नाली का कीड़ा कहा। तुम औकात बताने की बात कह रहे हो, हमारी कोई औकात नहीं है। मेहरबानी करके विकास के मुद्दे की चर्चा करो। विकसित गुजरात बनाने के लिए मैदान में आओ। औकात बनाने का खेल छोड़ दो भाई। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग सत्ता से बाहर किए जा चुके हैं, वे यात्रा के जरिए वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने लगातार दूसरे दिन नर्मदा प्रोजेक्ट की बात दोहराते हुए कहा- नर्मदा डैम परियोजना को तीन दशक तक ठप रखने वाली महिला के कंधे पर हाथ रखकर पदयात्रा करते हुए कांग्रेस नेता नजर आए हैं। यह चुनाव नर्मदा प्रोजेक्ट का विरोध करने वालों को हराने का चुनाव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 नवंबर को हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर जनता को संबोधित करते हुए कहा था उन्हें रोजाना 2-3 किलो गाली मिलती हैं, लेकिन उनका शरीर उन गालियों को पोषण में बदल देता है। यह बात उन्होंने इखढ कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि मोदी जी आप थकते नहीं है क्या, तो मैं उनसे कहता हूं कि भगवान ने मेरे शरीर में कुछ ऐसा मैकेनिज्म बनाया है कि गालियां प्रोसेस होकर न्यूट्रिशन बन जाती हैं।

## पीएम मोदी आज बांटेंगे 71 हजार नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। पीएम मोदी करीब 71 हजार नियुक्ति पत्र बांटेंगे। ये नियुक्ति पत्र रोजगार मेले के तहत नवनियुक्त भर्तियों को बाटे जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इन नव नियुक्तियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। इससे पहले अक्टूबर में रोजगार मेले के तहत 75,000 नवनियुक्त नियुक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। प्रधानमंत्री मोदी कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल का भी शुभारंभ करेंगे।

# सीवान में पोल से टकरा स्कॉर्पियो बनी आग का गोला, तीन की मौत

- रफ्तार ने छीन ली तीन लोगों की जिंदगी
- कार में इतनी तेजी से आग लगी कि कोई संभल भी नहीं सका



**केटी न्यूज/सीवान**

बिहार के सीवान जिले के सराय ओपी थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव के पास रविवार की देर रात करीब दो बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो एक बिजली के खंभे से टकरा गई। इससे जोरदार धमाका हुआ और अचानक गाड़ी में आग लग गई। जब तक स्कॉर्पियो सवार संभलते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोग जब तक घटनास्थल पर पहुंचते और बचाव के लिए कोई इंतजाम करते तब तक स्कॉर्पियो तेज आग की लपटों से घिर चुकी थी।

इस घटना में दो लोगों की मौत आग में झुलसने के कारण वहीं चालक की मौत वाहन से बाहर गिरने के कारण हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इससे बिजली का पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं मृतकों में चाचा-भतीजा शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाकर गाड़ी से शव को बाहर निकाला। मृतकों में से एक की पहचान सीवान के ही गोरियाकोठी थाना क्षेत्र के सरैया गांव के बसंत कुमार के रूप में हुई है। बसंत इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। वहीं अन्य दो मृतक रोहित कुमार और रितेश कुमार दोनों चाचा भतीजा हैं। वे सीवान रेलवे स्टेशन पर किसी को लेने आ रहे थे, इसी दौरान हादसा हुआ।

## रिश्तों का कत्ल : दिल को दहला देनेवाली दो खबरें पढ़ें एकसाथ

# चाचा ने भतीजे की हत्या कर फोड़ दी उसकी दोनों आंखें | चाची ने भतीजे की हत्या कर उसके मुंह में भर दिया मिट्टी

## बड़ा सवाल : क्यों वीभत्सता की हदें पार कर हैवान बनते जा रहे लोग?

**घटना 1**

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी में हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां जमीन के विवाद में रिश्ते के चाचा ने 11 साल के एक बच्चे की न केवल बेरहमी से हत्या कर दी। बल्कि बच्चे की दोनों आंखें फोड़ दी। फिर उसकी एक आंख निकाल ली। उसके हाथ और पैर के नाखून भी उखाड़ लिए। इसके बाद शव को जंगल में छोड़कर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सन्नी पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके परिवार और उसके चाचा के परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

शनिवार को सन्नी घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान रिश्ते में उसके चाचा लगने वाले राजा और निखिल उसे उठाकर ले गए। आरोपियों ने पहले उसकी आंखें फोड़कर उसकी एक आंख निकाल ली। फिर उसके हाथ-पैरों के नाखून भी उखाड़ दिए। परिजनों ने बताया कि रविवार देर शाम ग्रामीणों को शव मिलने की सूचना मिली तो दंग रह गए। घटना के बाद से इलाके के दहशत का माहौल है। मृतक के पिता बिपिन कुमार सिंह ने लिखित आवेदन में गांव के ही निखिल कुमार और राजा कुमार पर अपहरण का आरोप लगाया गया था। अब उन्हीं पर हत्या का आरोप है। पुलिस आरोपी के घर पहुंची लेकिन आरोपी घर छोड़कर फरार थे।

**घटना 2**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बोचहा थाना के बल्थी रसूलपुर गांव में सोमवार को हृदय विदारक घटना सामने आई, जब एक चाची ने साढ़े तीन साल के मासूम की हत्या कर उसके मुंह मे मिट्टी और पत्थर भरकर उसे कमरे के भीतर ही मिट्टी खोदकर दफना दिया। आरोपी चाची को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान विनय कुमार के पुत्र नितिक कुमार के रूप में हुई है।

मामले में बच्चे के पिता ने बताया, वे चार भाई हैं। सभी की शादी हो चुकी है। उनके तीन बच्चे हैं। दो बेटी और एकलौता बेटा था। वे चारो भाई खेत में काम करने गए हुए थे। बेटा घर पर ही खेल रहा था। काम करके लौटे तो बेटा दिखा नहीं। उसकी खोजबीन की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इस दौरान आरोपी भाभी घर में मिट्टी ठोक रही थी। बच्चे के बारे में पूछा तो कहा कि मुझे नहीं पता। मिट्टी ठोकने की वजह पूछा तो कहा कि चूहों की वजह से मिट्टी दबा रही है। शक होने पर मिट्टी खोदा गया। मिट्टी खोदने पर बच्चे का पैर बाहर आया। तब जल्दी से बच्चे को बाहर निकाला गया। वह मृत अवस्था में था। उसके मुंह में पूरी तरह से बालू, मिट्टी और पत्थर भरा गया था। भाभी ने बच्चे को मारकर अपने ही कमरे मे दफना दिया था। दुर्गंध से बचने के लिए अगरबत्ती भी जला दिया था। बच्चे की हत्या की वजह सामने नहीं आई है।

# बाइक में टक्कर के बाद बस में लगी आग, छह झुलसे

**एजेंसी/आजमगढ़**

मऊ से दिल्ली जा रही एक तेज रफ्तार बस ने रविवार की देर रात आजमगढ़ में बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे दूर जा गिरे। घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी बाइक बस में फंस कर 100 मीटर तक घिसटती चली गई। इसके कुछ देर बाद ही एक तेज आवाज में धमाका हुआ और बस में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर छह यात्री झुलस गए। वहीं आग की लपटें देख बस सवार अन्य यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। घटना अतरौलिया थाना क्षेत्र के तेजापुर गांव के पास की है।

हादसे में झुलसे यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में रखा यात्रियों का पूरा सामान जल गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। बस की चपेट में आए दो युवकों की मौत के बाद मृतकों की शिनाख्त उनके मोबाइल से हुई। हादसे में रविंद्र (25) और पिंटू (35) निवासी बड़सरा इमाम कप्तानगंज की मौत हुई है। बाइक सवार दोनों युवक किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

# शादी से नाराज बाप ने बेटी की हत्या कर यमुना एक्सप्रेस-वे पर फेंक दिया था शव

**मथुरा।** दो दिन पहले मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर फेंके गए युवती के शव की पुलिस ने शिनाख्त करते हुए इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। शव आयुषी चौधरी का था। पुलिस के मुताबिक उसे पिता ने ही गोली मारी थी। हत्या दिल्ली के बदरपुर स्थित घर पर की गई। बाद में लाश को लाल सूटकेस में पैक करके मथुरा जिले के राया इलाके में यमुना एक्सप्रेस-वे पर फेंक दिया गया था। 18 नवंबर को आयुषी की लाश बरामद हुई थी। 22 साल की आयुषी ने छत्रपाल नाम के लड़के से शादी कर ली थी। घरवाले शादी के खिलाफ थे। 17 नवंबर आयुषी का मां से झगड़ा हुआ। नाराज पिता ने आयुषी को समझाया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। गुस्से में पिता ने रिवॉल्वर से आयुषी को गोली मार दी।

## पीयू के नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई



पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में छात्र जदयू को मिली जीत के बाद अध्यक्ष, आनंद मोहन, उपाध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, संयुक्त सचिव संध्या कुमारी, कोषाध्यक्ष रविकांत के अलावा काउंसिल मेंबर्स को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस शानदार जीत पर शुभकामनाएं दीं। पटना के एक अणे मार्ग में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजयी प्रतिभागियों ने सीएम से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। सीएम ने उन्हें छात्रहित में काम करने की सीख दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने पहली बार केंद्रीय पैनल की पांच सीटों में से चार पर जीत हासिल की है। इससे पहले पार्टी का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2018 में रहा था जब उसने पहली बार अध्यक्ष पद जीता था।

## अब आरजेडी के मंत्री भी लगाएंगे जनता दरबार

**पटना।** बिहार में हर सोमवार को सीएम नीतीश कुमार जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनते हैं, और अफसरों को निर्देशित भी करते हैं, इसी तर्ज पर सीएम के साथ जदयू और बीजेपी नेता भी सहयोग कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनते हैं। और अब बिहार की महागठबंधन सरकार बनने के बाद आरजेडी के मंत्री भी जनता की समस्याएं सुनेंगे, जिसके निर्देश डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने दिए है। 22 नवंबर से पटना स्थित आरजेडी दफ्तर पर सुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसका समय दोपहर 11 से 3 बजे तक होगा। 22 नवंबर से शुरू हो रहे आरजेडी के सुनवाई कार्यक्रम के पहले दिन राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता और सूचना मंत्री इसराइल मंसूरी जनता की समस्याएं सुनेंगे। अन्य मंत्रियों के सुनवाई कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार होनी अभी बाकी है। आरजेडी से पहले जेडीयू के मंत्री भी जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनते रहे हैं।

# वैशाली में भीषड़ सड़क हादसे में मरनेवालों की संख्या 15 हुई

**एजेंसी/वैशाली**

बिहार के वैशाली जिले में रविवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में मरनेवालों की संख्या 15 हो गई है। इससे पहले 10 लोगों के मरने की सूचना थी, वहीं पांच लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ज्ञात हो कि महनार-हाजीपुर मुख्य मार्ग पर देशरी थाना क्षेत्र के नयागांव टोला के पास एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पूजा कर रहे लोगों को रौंद दिया था। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक भीड़ को रौंदते हुए आगे जाकर पेड़ से टकरा गया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक नशे में था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिसमें कई की हालत अब भी गंभीर बनी है। घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताते हुए कहा कि वैशाली के देसरी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक द्वारा बच्चों सहित कई लोगों को कुचलने की घटना से मर्माहत हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है तथा उन्हें पांच-पांच लाख रुपये अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा। घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की**

**पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का किया एलान:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के वैशाली में हुआ हादसा दुःखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायल जल्द स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रत्येक मृतक के परिजनों को दिए जाएंगे। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## नई दिल्ली हवाई अड्डे से खालिस्तानी आतंकवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे से पांच लाख रुपये के इनामी खालिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठनों से जुड़े रहे कुलविंदरजीत सिंह उर्फ खानपुरिया को शुक्रवार को बैंकॉक से यहां पहुंचने के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया गया। खानपुरिया पंजाब में चुन-चुनकर हत्या के मामलों को अंजाम देने की साजिश रचने समेत अनेक आतंकवादी मामलों में शामिल और वांछित था। वह 2019 से फरार चल रहा था और एनआईए ने उसके बारे में सूचना देने पर पांच लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी।

डीजिटल संस्करण

संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



वेब पोर्टल : keshavtimes.com

अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ाएं

यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर

आपकी समस्याओं का होगा निदान

हमारे रिपोर्टर : गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में

शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर

keshavtimes keshavtimes keshavtimes

## एक नजर

### दहेज हत्या के आरोपित पति, सास व ससुर को 10 वर्ष का कारावास की सजा



**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान के न्यायालय द्वारा दहेज हत्या के आरोपी ग्राम कोचाहासा थाना किंजर निवासी मृतिका के पति अरुण विश्वकर्मा, सास कांति देवी एवं ससुर रामजी विश्वकर्मा को आईपीसी की धारा 304 (इ) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास और धारा 201 में तीन साल की सजा एवं पांच-पांच हजार का अर्थ दंड की सजा सुनाई। अर्थ दंड की रकम नहीं देने पर तीन माह की साधारण कारावास भुगतनी होगी। सभी सजाए साथ साथ चलेगी। अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस केस के सूचक कमलेश विश्वकर्मा ग्राम निशंनपूरा निवासी किंजर थाना कांड संख्या 54/21 दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया था कि उसने अपनी बेटी किरण कुमारी की शादी कोचाहासा निवासी अरुण विश्वकर्मा के साथ किया था। उसके ससुराल के लोग हमेशा उनकी बेटी के साथ मारपीट किया करते थे एवं दहेज की मांग करते थे। दहेज नहीं देने के कारण जुलाई 2020 को सभी अभियुक्तगण सूचक के बेटी किरण कुमारी की हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने हेतु लाश को जला दिया। सूचक को फोन से सूचना मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है और साक्ष्य छुपाने हेतु उसके शव को जला दिया गया है। तब सूचक ग्राम कोचाहासा आया, तो मृतिका के बेटे ने बताया कि उसकी मां के साथ पिता, दादा एवं दादी ने मार-पीट की थी। जिसके बाद उसकी मां बोल नहीं रही थी। बताते चलें कि मृतिका किरण कुमारी का दो पुत्र भी है। न्यायालय द्वारा साक्ष्य के आलोक में तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई।

### अंतर महाविद्यालय वेटलिफ्टिंग व पावरलिफ्टिंग में एसएन सिन्हा कॉलेज बना चैंपियन



**जहानाबाद।** मगध विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग दोनों प्रतियोगिता में एसएन सिन्हा कॉलेज चैंपियन बना। यह प्रतियोगिता टेकारी में एसएन सिन्हा कॉलेज में आयोजित हुई थी। जिसमें विश्वविद्यालय के लगभग सभी कॉलेज हिस्सा लिया। प्रतियोगता में एसएन सिंहा कॉलेज के 22 सदस्य टीम इस प्रतियोगिता में भाग लिए टीम में मैनेजर प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह एवं टीम कोच गिरिजेश कुमार उर्फ मनीष कुमार तथा वहीं टीम कोच मनीष कुमार ने बताया कि 22 सदस्य टीम में से 17 खिलाड़ियों ने मेडल पर कब्जा जमाया वहीं कुछ खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पिछड़ गए। प्रतियोगिता में बेस्ट लिफ्टर का खिताब कन्हैया कुमार एसएन कॉलेज जहानाबाद के खिलाड़ी बने। शौर्य प्रताप सिंह ने भी 270 किग्रा भार उठाकर अच्छा प्रदर्शन किया सभी वर्ग में प्रथम विजेता की आगामी केरल में होने वाली इंटर यूनिवर्सिटी गेम के लिए चयन किए गए। अधिकांश खिलाड़ी एसएन सिन्हा कॉलेज के ही खिलाड़ी रहें, जो राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेंगे। पिछले वर्ष में भी यह कॉलेज चैंपियन बना था। इस एसएन सिन्हा कॉलेज के विजेता खिलाड़ियों की सूची के अनुसार महिला 44 किग्रा वर्ग में प्रथम कुमकुम कुमारी, 49 किग्रा वर्ग में प्रथम जूही चावला, 64 किग्रा वर्ग में प्रथम मोनिका कुमारी रहीं। वहीं, पुरुष वर्ग में 55 किग्रा वर्ग में प्रथम चंदन कुमार और तृतीय अमर कुमार 61 किग्रा वर्ग में गौरव कुमार प्रथम हर्ष राज द्वितीय 67 किग्रा वर्ग में जहानाबाद के कन्हैया कुमार प्रथम शशि रंजन द्वितीय अमित कुमार तृतीय 73किग्रा में शौर्य प्रताप सिंह प्रथम, 81 किग्रा वर्ग में रिशु कुमार प्रथम व ऋषि कुमार द्वितीय, 89 किग्रा वर्ग में प्रिंस कुमार प्रथम व अभिजीत द्वितीय तथा 109 किग्रा वर्ग में गौरव कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओवरऑल विजेता एसएन सिन्हा कॉलेज ने शील्ड प्राप्त किया। टीम मैनेजर मिथिलेश कुमार सिंह शेष सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके जरूरत की खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। चैंपियन बनने पर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार रजक, विनेच डॉ. सुबोध कुमार झा, हिन्दी विभागध्यक्ष पूर्व प्रोफेसर प्रो. डॉ उमाशंकर सिंह एवं प्रो. गिरिराज शर्मा आदि ने बधाइयां दी।

### जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा लोजपारा का स्थापना दिवस समारोह



**जहानाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पार्टी पदाधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी भुनेश्वर पाठक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रानी कुमारी, जिला प्रभारी धीरू शर्मा एवं सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए हेमंत शरण कुंदन शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह एक यादगार के रूप में मनाया जाएगा। हमारे नेता पद्म भूषण से सम्मानित आदरणीय रामविलास पासवान जी सब दिन गरीबों को आवाज रहे हैं। इसलिए स्थापना दिवस समारोह में गरीब दलित टोला में गरीबों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उक्त मौके पर जिला प्रधान महासचिव छोटे लाल पासवान जिला उपाध्यक्ष जयंत कमांडो नगर अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उर्फ भोला शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी गौरव कुमार, जिला महासचिव मिथिलेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस पासवान, मखदुमपुर प्रखंड अध्यक्ष समरकांत शर्मा, हुलासगंज प्रखंड अध्यक्ष नंद सुमन, मोदनगंज प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार, कंचन शर्मा, जहानाबाद प्रखंड अध्यक्ष रंजय कुमार सहित सभी मेन विंग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतिक थे जफीरुद्दीन जया व प्रो. अकील अहमद

**जहानाबाद।** जिला के प्रसिद्ध शायर, साहित्यकार एवं समाजसेवी जफीरुद्दीन जया की सातवीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस दौरान अंजुमन तरक्की ए उर्दू जहानाबाद एवं खोदाबख्श वेलफेयर ट्रस्ट जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक शाम जफीरुद्दीन जया के नाम समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जिला के शायर, कवि, साहित्यकार एवं प्रमुख समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। जिला के हरदिल अजीज समाजसेवी एवं विद्वान प्रो. अकील अहमद के लिए एक मिनट मौन रखकर दोनों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोजपा नेत्री इंदू कष्यप ने कहा कि जफीरुद्दीन जया एवं प्रो. अकील अहमद हिंदू मुस्लिम एकता एवं सर्वधर्म समभाव के प्रतिक थे। उन्होंने जहानाबाद जिला के संप्रदायिक सौहार्द को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे विभुतियों को हमेशा याद किया जाना चाहिए, ताकि नौजवान पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को आत्मसात करें। समारोह में एसएनएस कॉलेज जहानाबाद के प्रभारी प्राचार्य डॉ उमाशंकर सुमन, तारिक फतह, लतीफ शमशी अंजुम काकवी, जदयू नेता दिलीप कुशवाहा, प्रोफेसर अकील अहमद के बड़े पुत्र डॉ शमश इकबाल, नगर परिषद के पुर्व अध्यक्ष अरुण पासवान, सैयद खालिद कमाल, सैयद हसीब खान, मो साबिर अली, डॉ रवि शंकर रवि, एस के सुनिल आदि ने संबोधित किया।

# बगौर नक्शा के भवन बनाने वालों को दोबारा मौका, नप से करा सकते हैं स्वीकृत

- परती जमीन के प्लॉटिंग के नक्शे की भी लेनी पड़ेगी मंजूरी, नप ने जारी किया निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**


वास्तुविद के साथ बैठक करते ईओ मनोज कुमार

स्थानीय नगर परिषद क्षेत्र में अगर आप बगैर नक्शा पास कराए मकान निर्माण किये है तो इसके लिए नगर परिषद ने दोबारा मौका दिया है। ऐसे भवन मालिक निर्माण के बाद भी अपने मकान का नक्शा स्वीकृत करा सकते है। इसके लिए नप प्रशासन ने बिहार भवन उप विधि 2022 के नियमावली के तहत आदेश जारी किया है। साथ ही परती जमीन के प्लाटिंग के नक्शे की भी मंजूरी नप से लेना अनिवार्य बनाया गया है। इसके लिए नक्शे में 12 फीट की सड़क छोड़ना जरूरी बताया गया है। स्थानीय नप के सभागार में वास्तुविदों के साथ इओ मनोज कुमार ने नियम के अनुरूप भवन की संरचना सहित कई बिंदुओं के प्रस्ताव पर चर्चा की और नप ने इसकी मंजूरी दी है। बताया जाता है कि नप क्षेत्र में कई ऐसे भी भवन शामिल है जो बगैर नक्शा के ग्राउंड फ्लोर, प्लस टू व प्लस थ्री की निर्धारित ऊंचाई के मानक का पालन नही करने के साथ ही कई मकाने बगैर नक्शे की बनायी गयी है।

इस बाबत नप प्रशासन ने अपने भौतिक सत्यापन के बाद वैसे मकान मालिकों को दोबारा मोहलत दी है ताकि उनके भवन के भी नक्शे की स्वीकृति मिल जाये। नप प्रशासन इसके लिए समयसीमा भी तय की है। इस अवधि तक वैसे लोग अपने नक्शे की मंजूरी नही लेते है तो ऐसे मकान मालिकों को चिन्हित कर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। भवन निर्माण के लिए नये नक्शे को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोड़ा जायेगा। शहरी क्षेत्र में गिरते भू-जल की रोकथाम को लेकर इसकी पहल शुरू की है। ताकि गर्मी के दिनों में सुख रहे चापाकलों और कुओं के खिसकते पानी में बढ़ोत्तरी होगी। शहर के होटल और लॉज संचालकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से जुड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया है। इस सिस्टम से जुड़ने के बाद नप होल्डिंग टैक्स में छूट देने का भी प्रावधान बनाया है। बगैर नक्शे के मकान बनाने वाले भवन मालिक नक्शे की मंजूरी नप से ले अन्यथा नियमों का उल्लंघन करने वाले मकान मालिकों पर प्रति वर्गमीटर के दर से हजार्ना चुकाना पड़ेगा। बैठक में वास्तुविद माधव राज शेखर, निशि जैन, अभियंता अजय कुमार शर्मा, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित अन्य मौजूद थे।

> **सरकार के नियमों का करें पालन**
>
> नप क्षेत्र में बगैर नक्शा पास कराए अपने भवन का निर्माण करा चुके मकान मालिकों को दोबारा मोहलत दी गयी है। वे बिहार भवन उप विधि 2022 के नियमों के निर्धारित अवधि के अंदर अपने नक्शे की स्वीकृति नप से कराये अन्यथा सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## भोजपुर के नारायणपुर से पकड़ा गया चालक, वहीं पटना में धराया फौजी

# जमशेदपुर के सीआरपीएफ कैंप से इंसास चोरी मामले में फरार फौजी व कार चालक गिरफ्तार

- आठ नवंबर को आदित्यपुर सीआरपीएफ कैंप से इंसास लेकर भाग था फौजी
- इंसास और कार पुलिस पहले ही नारायणपुर इलाके से कर चुकी है बरामद

**केटी न्यूज/आरा**



बरामद इंसास के साथ जानकारी देते एसपी (फाइल फोटो)

झारखंड के जमेशदुपर जिले के आदित्यपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप से इंसास रायफल की चोरी में फौजी और कार चालक आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गये। कर चालक को भोजपुर पुलिस, तो फौजी झारखंड पुलिस के हत्थे चढ़ गया। कार चालक परमल यादव को सोमवार को नारायणपुर से गिरफ्तार किया गया है। वह नारायणपुर थाने के सितुहारी गांव निवासी परमल यादव है। इधर, इंसास लेकर भागने वाला फौजी रोहित कुमार उर्फ साहदेव को झारखंड पुलिस द्वारा उसे पटना से गिरफ्तार किया गया है।? चोरी के दोनों इंसास और लेकर भागने में इस्तेमाल कार पहले ही भोजपुर से बरामद कर ली गयी है। पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह द्वारा दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि परमल यादव नारायणपुर में घूम रहा है। उस आधार पर थानाध्यक्ष नीता कुमारी के नेतृत्व में टीम ने नारायणपुर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

एसडीपीओ के अनुसार झारखंड पुलिस द्वारा फौजी को पटना से गिरफ्तार किया गया है। बताते चलें कि आठ नवंबर को आदित्यपुर सीआरपीएफ (157 बटालियन) कैंप के कोत (आर्म्स गार्ड) का शीशा तोड़ दो इंसास राइफल की चोरी कर ली गयी थी। उसे लेकर सितुहारी गांव निवासी फौजी रोहित कुमार उर्फ सहदेव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सीसीटीवी फुटेज में फौजी को राइफल लेकर भागते देखा गया था। पुलिस के अनुसार चोरी करने के बाद फौजी कार से इंसास लेकर अपने गांव सितुहारी आ गया था। झारखंड पुलिस की सूचना पर एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा इंसास की बरामदगी और फौजी की गिरफ्तारी को एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा 11 नवंबर को इंसास राइफल और कार को बरामदग कर लिया गया था। इंसास राइफल फौजी के घर के पीछे झाड़ीनुमा जगह पर बालू में छुपा कर रखी गयी थी।

> **आकाश पटेल की हत्या में फरार शेष दो आरोपितों के घर कुर्की**
>
> **आरा।** शहर के चर्चित आकाश पटेल हत्याकांड में फरार चल रहे शेष दो अन्य आरोपितों के घरों पर भी कानून का हथौड़ा चल गया। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सोमवार को दोनों आरोपितों के घर कुर्की की कार्रवाई की गयी। इस दौरान नगर थाना क्षेत्र के डा. लक्ष्मी चरण की गली निवासी प्रभात कुमार और चरखंभा गली निवासी गोधन यादव के घर कुर्की की गयी। हत्याकांड में पहले ही चार आरोपितों के घर कुर्की की कार्रवाई हो चुकी है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस सोमवार की दोपहर दोनों आरोपितों के घर पहुंची और कुर्की की कार्रवाई शुरू की गयी। करीब चार घंटे तक चली कार्रवाई में घर के सभी चलंत सामान जब्त कर लिया गया। पुलिस खिड़की-दरवाजे भी उखाड़ ले गयी। इधर, पुलिस आरोपितों की धरपकड़ को लेकर लगातार छापेमारी भी कर रही है। बता दें कि 12 नवंबर की शाम शीतल टोला निवासी जेडीयू के जिला उपाध्यक्ष भीम पटेल के भाई अमरजीत भाई पटेल और भतीजे आकाश पटेल को गोली मार दी गयी थी। उसमें आकाश पटेल की मौत हो गयी थी। जबकि जेडीयू नेता के भाई की हालत गंभीर है। उसे लेकर विक्की यादव सहित छह नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गिरफ्तार नहीं होने की स्थिति में पुलिस कोर्ट पहुंची थी। उसके बाद कोर्ट की ओर से पिछले बुधवार को ही कोर्ट की ओर से कुर्की का आदेश जारी किया गया था।

### नाबालिग से गैंगरेप केस में एक दोषी करार, दो बरी

**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय ने सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक अभियुक्त को दोषी करार दिया है, जबकि साक्ष्य के अभाव में दो अन्य को बरी कर दिया है। जिले के डेहरी थाना क्षेत्र के डेहरी बाजार में दो साल पुर्व हुए नौवीं कक्षा की छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में सुनवाई करते हुए एडीजे छह सह विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम रामजी यादव की अदालत ने एक अभियुक्त विक्की उर्फ संदीप उर्फ राजा निवासी वार्ड संख्या 18 डेहरी को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने इस मामले के दो अन्य आरोपीयों साहेब उर्फ साहिब उर्फ शुभांकर मिश्रा एवं सांप उर्फ धर्मेंद्र उर्फ अनुरोध कुमार को पर्याप्त साक्ष्य के आभाव में रिहा करने का आदेश जारी किया है। डेहरी महिला थाना में दर्ज उक्त मामले की प्राथमिकी पीड़िता ने दर्ज कराई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक शाहिना कमर ने बताया की उक्त घटना दो साल पुर्व 23 दिसंबर 2020 की संध्या सात बजे डेहरी बाजार स्थित वार्ड संख्या 17 के दुर्गा मंदिर गली स्थित एक मकान में घटी थी। जहां अपनी छोटी बहन के साथ घरेलू सामान खरीदने निकली नाबालिग नौवीं कक्षा की छात्रा को अभियुक्तों ने जबरन गली में दौड़ा कर पकड़ा था फिर एक मकान में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

### 166 नीलाम वादों को निष्पादित करते हुए 2.41 करोड़ रुपए की वसूली गई राशि

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की गई। जहां अपर समाहर्ता ने ने बताया कि सितंबर माह में कुल 166 नीलाम वादों को निष्पादित करते हुए लगभग दो करोड़ 41 लाख रुपए की राशि वसूली गई है। जबकि अक्टूबर माह में निष्पादित होने वाले वादों की संख्या 111 है एवं वसूल की गई राशि लगभग तीन करोड़ 33 लाख रुपए है। जिलाधिकारी द्वारा सरकारी विभागों की वसूली पर विशेष ध्यान देकर प्राथमिकता पर रखने का निदेश दिया गया। साथ ही, नीलाम पत्र वादों का वर्गीकरण सरकारी विभागवार एवं बैंकवार करते हुए वसूल की जाने वाली राशि का ब्यौरा उपलब्ध कराने का निदेश दिया। सभी नीलाम पदाधिकारियों को निदेश दिया कि बैंकों से समन्वय स्थापित कर ऋण वापस कर चुके, ओटीएस अथवा एनपीए घोषित किए जाने वाले मामलों को नीलाम पत्र वादों से मिलान कर विलोपित कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, नीलाम पत्र वादों से संबंधित रजिस्टर नौ एवं दस का मिलान समय-समय पर करेंगे तथा लंबित वादों का गहन अनुश्रवण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित। साथ ही, प्रभारी पदाधिकारी जिला नीलाम पत्र शाखा को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक बैंक से नीलाम वाद निष्पादन हेतु जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी नामित कराने के लिए पत्राचार करेंगे।

### किसान हत्या मामले में मुखिया समेत दो गिरफ्तार

**सासाराम।** जिले के कोचस थाना क्षेत्र में एनएच पर शनिवार 19 नवंबर 2022 की दोपहर दिन-दहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने एक किसा? को गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में रविवार को परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए भानस थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा मृतक के गांव दिनारा के दैदहां में छापेमारी की गई। यहां से काण्ड में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में दैदहां गांव निवासी रामाकांत साह एवं उसरांव गांव निवासी बबन साह शामिल हैं। इनमें रामाकांत साह नौवां पंचायत का मुखिया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने काण्ड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## जिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन के खेल में बभन बिगहा टीम विजयी

**केटी न्यूज/अरवल**



जिले के कलेर प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय जयपुर के खेल मैदान पर अरवल जिला फुटबॉल चैंपियनशिप मैच के ग्रुप बी का पहला मैच खेला गया। जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर फुटबॉल क्लब बभन बिगहा बनाम अरवल फुटबॉल क्लब अरवल के बीच मुकाबला हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मुखिया राजदेव पासवान, पूर्व पंचायत समिति मृत्युंजय शर्मा, लोजपा नेता रामाज्ञा यादव, मो. सबा करीम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया और कहा कि विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल का जिला चैंपियनशिप मैच इस ग्रामीण क्षेत्र में संपन्न कराकर जिला फुटबॉल संघ ने एक सराहनीय कार्य किया है। इससे युवाओं में फुटबॉल के प्रति रुझान बढ़ेगा। जिससे वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे। जिला चैंपियनशिप का दूसरा मैच काफी रोमांच भरा रहा। दोनों टीमें एक दूसरे पर लगातार आक्रमण करती रही। निर्धारित 90 मिनट के खेल में अंततः दोनों टीम बराबरी पर रही। इस तरह मैच टाई ब्रेकर में चला गया। 5-5 पेनाल्टी शूट के आधार पर दोनों टीम 4-4 स्कोर बनाकर बराबरी पर रही।

तत्पश्चात सडन डेथ में मैच चला गया। जिसमें 2-2 बॉल के आधार पर एक स्कोर से बभन बिगहा की टीम जीत गई। इस मैच को संपन्न कराने के लिए राजेश कुमार, राधिका रमन, वीरू और गिरजा कुमार को रेफरी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिला फुटबॉल संघ के सचिव राजीव कुमार रंजन ने बताया कि चैंपियनशिप का अगला मैच बंशी प्रखंड क्षेत्र के माली रामगढ़ उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर ग्रुप ए का दूसरा मैच होगा। जिसमें गोल्ड स्टार स्पोर्ट क्लब करपी बनाम नवयुवक क्लब मंगा बिगहा के बीच मुकाबला होना है। इस मौके इंदु भूषण कुमार, संतोष कुमार, रंजीत प्रसाद, रामनरेश सिंह, कुंदन कुमार उपस्थित थे।

# सांस की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए जानलेवा है प्रदूषण

- अस्थमा से ग्रसित मरीज सुबह की सैर से करें परहेज
- वातावरण में धूलकणों से हो सकती है एलर्जी की शिकायत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले सहित राज्य में बढ़ते प्रदूषण के स्तर से सभी चिंतित हैं। स्वास्थ्य विभाग भी सांस की बीमारियों (एलर्जी, अस्थमा, टीबी आदि) से ग्रसित मरीजों को लेकर चिंतित है। ठंड और प्रदूषण से अस्थमा, सांस लेने में परेशानी एवं एलर्जी की समस्याएं बढ़ जाती हैं। प्रदूषण की वजह से अस्थमा रोगियों में हांफने और बेचैनी की स्थिति देखी जाती है। वहीं, आम सामान्य लोग भी सर्दी, खांसी, नाक से पानी आना जैसी समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण आंखों से पानी आना, उनमे खुजली आदि की समस्या आम हो जाती है। ऐसे में सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचा जा सके।

**बारूद के धुएं से सांस के मरीजों में बढ़ती है एलर्जी:** एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया सांस की बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए ठंड का मौसम ही परेशानियों का सबब बन जाता है। वहीं, जिला सहित राज्य में फैल रहा प्रदूषण सभी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में अस्थमा एवं सांस से जुडी अन्य रोगों से ग्रसित लोगों के लिए यह स्थिति खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण की अधिकता के कारण लोगों को सुबह मॉर्निंग वाक पर निकलने से परहेज करना चाहिए। खासकर अस्थमा एवं हृदय रोग से ग्रसित लोगों को सर्दियों के मौसम में सुबह की सैर करना स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों को बढ़ा सकता है। उन्हें सांस की समस्या के साथ एलर्जी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यदि सुबह बाहर निकलना जरुरी हो तो मास्क का इस्तेमाल अवश्य करें।

**बढ़ सकती है फेफड़ों की समस्या :** स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि प्रदूषण, धूलकण, पत्थर एवं एस्बेस्टस की धूल तथा कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के कारण फेफड़ों में सिकुड़न की समस्या (फाइब्रोसिस) भी बढ़ जाती है। लंबे समय तक सूखी खांसी, चलने में हांफना और दम फूलना इसके लक्षण हैं। चिकित्सक बताते हैं कि धूम्रपान करने वाले लोगों में यदि खांसी के साथ कभी खून आये तो उन्हें फेफड़े के कैंसर की जांच करानी चाहिए। जिन लोगों को एलर्जी, खांसी की समस्या उन्हें कोल्ड ड्रिंक के सेवन, ठंडा पानी, दही इत्यादि के सेवन से बचना चाहिए।

**सावधानी ही सुरक्षा है :** बढ़ता प्रदूषण बच्चों के लिए भी घातक साबित हो सकता है। प्रदूषण के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को खासा दिक्कतों का सामना करते देखा जा रहा है। बच्चों में आंखों में जलन, आखों से पानी आना एवं खांसी सर्दी की शिकायतें देखी जा रही हैं। बच्चों को स्कूल भेजते समय उन्हें मास्क पहनाना उन्हें कई समस्याओं से बचा जा सकता है।

## फटाफट खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी, इलाज जारी

**डुमरांव।** नगर के टेढ़की पुल के पास सोमवार को दोपहर बाद एक स्कूली वैन व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक जख्मी हो गया है। जख्मी युवक उत्तम कुमार उम्र 20 वर्ष दुबौली गांव का रहने वाला है। इस दुर्घटना में बाइक व स्कूली वैन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि, चालक मौके से भागने में सफल रहा है। गनीमत रही कि जिस वक्त यह दुर्घटना हुई उस वक्त वैन में बच्चें नहीं थे। समाचार लिखे जाने तक जख्मी युवक का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा था। वहीं, घटना स्थल पर पहुंच पुलिस मामले की जांच कर रही थी। वहीं, एक दूसरी घटना में नंदन का ऋतुराज कुमार नामक एक 16 वर्षीय किशोर भी जख्मी हो गया है। ऋतुराज का इलाज भी अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा था। हालांकि, वह कहा जख्मी हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में चार जख्मी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चतुरशालगंज मोहल्ले में मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के चार लोग जख्मी हो गये। जिनका इलाज अुनमंडलीय अस्पताल में कराया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए एक-दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पहले पक्ष के रुना माली ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि ऑटो लेकर घर जा रहा था, इसी दौरान किस्मत चौधरी सहित तीन लोगों ने रास्ते मे घेरकर मेरे साथ बेरहमी से मारपीट किया है। वही दूसरे पक्ष की रीमा कुमारी ने अपने आवेदन में बताया है कि राजू माली सहित सभी परिजन मेरे घर मे घुस आये और मेरे और मेरे भाईयों के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गयी है।

### जिलाध्यक्ष के चुनाव के बाद 40 ने दिया इस्तीफा

**बक्सर।** रविवार को हुए जनता दल यूनाईटेड पार्टी के जिलाध्यक्ष चुनाव के बाद पार्टी में बवाल मचा हुआ है। पार्टी के एक धड़े से जुड़े कुल चालीस नेताओं ने इस चुनाव को अवैध तथा राजद नेताओं के सहयोग से कराने का आरोप लगा अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वालों का आरोप है कि उनके शिकायती आवेदन तक को नहीं लिया गया जबकि चुनाव भी मनमानी तरीके से संपन्न करा दिया गया है। इस्तीफा देने वालों में अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव भृगुनाथ रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष विन्ध्याचल कुशवाहा, मुख्य प्रवक्ता प्रेम कुशवाहा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डा तौफीक खां, राज्य परिषद सदस्य वीर राय, हीरालाल कुशवाहा, पूर्व जिला सचिव अमित कुशवाहा, अवध बिहारी कुशवाहा, सत्येन्द्र कुशवाहा, जिला सचिव अरबिंद कुशवाहा, जिला महासचिव बबन चौधरी, अजय कुमार सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, मिथिलेश राजभर, राजेश सिंह, रामाशंकर सिंह कुशवाहा, रामनेवाज सिंह, संतोष कुमार समेत कुल चालीस सदस्य शामिल है।

# निक्षय मित्र योजना : विधायक डॉ. अजीत ने 4 प्रखंडों को गोद ले प्रस्तुत किया उदाहरण

- डुमरांव विधानसभा के एमएलए ने जिले के चार प्रखंडों को गोद लेने को जतायी सहमति
- निक्षय मित्र बन संबंधित प्रखंडों के मरीजों का कराएं इलाज और मार्गदर्शन

**केटी न्यूज/बक्सर**



विधायक से वार्ता करते टीबी सेंटर के कर्मचारी

जिले के टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र योजना एक वरदान की तरह सामने आ रही है। योजना के तहत निक्षय मित्र बनने के लिए लोग बढ़-चढ़कर अपनी सहमति दे रहे हैं। ताकि, वे जिले के टीबी मरीजों के इलाज के लिए अपना सहयोग प्रदान कर सकें। निक्षय मित्र योजना के तहत अब तक दर्जन भर से अधिक जनप्रतिनिधि व लोगों ने अपनी सहमति जताई है। इस क्रम में डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के एमएलए डॉ. अजीत कुमार कुशवाहा ने अपनी सहमति जताते हुए कुल चार प्रखंडों को गोद लेने का भरोसा दिया है। डुमरांव विधायक चौगाई, नावानगर, डुमरांव और केसठ प्रखंड को गोद लेकर टीबी मरीजों के इलाज में विभाग का सहयोग करेंगे। उन्होंने जिले के सामर्थ्यवान लोगों से इस योजना के तहत निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों की मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर जरूरतमंद टीबी मरीजों की मदद करनी होगी।

टीबी से मुक्त बनाना करना जिम्मेदारी है। निक्षय मित्र कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों को गोद लेकर उनका पोषण एवं चिकित्सीय जरूरतों को पूरा करना है। समाज में टीबी रोगियों के प्रति भेदभाव करने को लेकर नजरिया बदलना होगा।

**टीबी उन्मूलन की दिशा में विभागीय कार्यों में आई है तेजी :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्ट ने बताया कि विभाग द्वारा पूरे देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके आलोक में राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से टीबी उन्मूलन की दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग अपने संसाधनों एवं नई-नई तकनीक के सहारे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिले में टीबी मरीजों की खोज आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में टीबी मरीजों के लिए सभी तरह के इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए जांच की सुविधा के साथ ही दवा की भी उपलब्धता है। जिसका लाभ लोगों को जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक मिल रहा है।

**टीबी संक्रमित मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं वरदान :** डॉ. अनिल भट्ट ने बताया कि टीबी जैसी बीमारियों से लड़ने एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का अहम योगदान है। अमीर हो या गरीब, हर तरह के रोगियों के लिए सरकार की ओर से निःशुल्क दवा तो मिलती ही है, साथ ही साथ पौष्टिक आहार खाने के लिए पैसा भी मिलता है। यह योजना टीबी संक्रमित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसीलिए लोगों को टीबी जैसे संक्रमण से डरने की नहीं बल्कि लड़ने की जरूरत है। सरकार की ओर से मरीजों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ उठाकर टीबी जैसी बीमारी से पूरी तरह से ठीक हुआ जा सकता है। उन्होंने बताया कि सीने में दर्द होना, चक्कर आना, दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार आना, खांसी के साथ मुंह से खून आना, भूख में कमीं और वजन कम होना आदि लक्षण अगर किसी में है तो टीबी की जांच जरूर कराएं।

## एनएच-84 के समीप सरकारी जमीन पर बनाएं ग्रीन हाट बाजार : डीएम



बैठक करते डीएम व डीडीसी

- जिलाधिकारी ने बक्सर व डुमरांव अनुमंडल और नप पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को नगर विकास विभाग की बैठक आहूत की गई। इय दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में ठंड बढ़ती जा रही है। ऐसे में जरूरमंदों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव को रैन बसेरा का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही, बताया कि बक्सर एवं डुमरांव के नगर परिषद क्षेत्र में वृद्धि हुई है। जिसके कारण नगर क्षेत्र के सीमा पर साइनेज आदि लगाई जाए। इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव को निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया कि एनएच-84 पर सरकारी जमीन पर्याप्त है, जिसे ग्रीन हाट बाजार को विकसित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए भूमि का चयन करते हुए कार्य शुरू करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त बक्सर, अनुमण्डल पदाधिकारी बक्सर, प्रभारी विकास शाखा पदाधिकारी बक्सर एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव उपस्थित थे।

## टेम्पो का परिचालन ठप होने से पूरे दिन परेशान रहे यात्री

# रेलवे स्टैंड संचालक की मनमानी के खिलाफ चालकों ने किया हड़ताल, पूरे दिन चक्का जाम

- हड़ताली चालकों को मिला स्थानीय विधायक व डॉ. एसके सैनी का साथ

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सड़क पर प्रदर्शन करते चालक



पैदल जाते सवारी

स्थानीय रेलवे स्टेशन के टेंपो स्टैंड संचालक की मनमानी के खिलाफ सोमवार की सुबह टेंपो चालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दिया। विष्णु मंदिर के पास एकजुट हुए टेंपो चालकों ने अपनी चट्टानी एकता दिखाते हुए चक्का जाम कर दिया था। इस दौरान यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा तथा उन्हें बैग एंड बैगेज के साथ पैदल ही अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। बता दें कि रेलवे के नियमों को दरकिनार कर संचालक द्वारा रविवार से टेंपो चालकों से प्रति टिप 25 वसूला जाने लगा था। जबकि बाईलाज में 24 घंटे का किराया निर्धारित किया गया है। टेंपो चालकों का कहना था कि नए ठेकेदार द्वारा उन से प्रति फेरा किराया देने का दबाव बनाया जा रहा था। टेंपो चालकों के हड़ताल की सूचना पर पहुंचे स्थानीय विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा ने कहा कि वे इस मामले में रेल प्रशासन से मिल उचित किराया निर्धारित करने की बात करेंगे। जबकि डॉ. एसके सैनी ने टेंपो चालकों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि स्टैंड संचालक मनमानी कर रहा है।

जिससे गरीब टेंपो चालकों की रोजी-रोटी छीन सकती है। उन्होंने कहा कि वे टेंपो चालकों के साथ हैं तथा जरूरत पड़ने पर रेल चक्का भी जाम किया जाएगा।

हालांकि दोपहर में बीडीओ संतोष कुमार और थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने रेलवे के नए नियमों की कॉपी लाने तक पुराने दर पर ही किराया वसूलने का निर्देश स्टैंड संचालक को दिया। लेकिन इसके बाद भी रविवार को पूरे स्टैंड संचालक और चालकों के बीच चला आ रहा गतिरोध समाप्त नहीं हो सका। टेंपो चालक संघ के बिनोद पांडेय व अन्य टेंपो चालक पुराने दर पर किराया वसूली के लिए लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े थे। टेंपो चालकों के हड़ताल का सबसे अधिक खामियाजा रेल यात्रियों को भुगतना पड़ा है। सुबह से दोपहर तक स्टेशन पर उतरने के बाद अपने गंतव्य तक जाने में फजीहत झेलनी पड़ी।

बता दें कि अटो रिक्शा शहर तथा आस पास के 10-15 किलोमीटर तक के परिचालन व्यवस्था की लाइफ लाइन बन गई है। पूरे दिन टेम्पो नहीं मिलने से डुमरांव के साथ ही सिमरी, नियाजीपुर, कोरानसराय, मठिला, नावानगर, भोजपुर, डुमरी आदि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को ट्रेन से उतरने के बाद काफी परेशान होना पड़ा। खासकर वैसे यात्रियों को जिनके पास भारी सामान, बच्चें तथा बुजुर्ग थे। देर शाम तक इस मामले में टेम्पो चालकों तथा स्टैंड संचालक के बीच समझौता नहीं हुआ था। जिस कारण अगले दिन भी चक्का जाम रहने की घोषणा टेम्पो चालकों ने की है।

## पंचायत के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए तैयार की गई कार्ययोजनाएं

**केटी न्यूज/केसठ**



बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि

प्रखंड के रामपुर स्थित पंचायत सामुदायिक भवन के परिसर में आर्थिक एवं सामाजिक विकास अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अनामिका पांडे ने किया। बैठक में ग्राम पंचायत व सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना के माध्यम से कार्ययोजना तैयार की गईं। मुखिया ने कहा कि जीपीडीपी के नाम से तैयार किए जाने के बाद पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और संबंधित प्लान के आधार पर सरकार की ओर से पंचायत के समग्र विकास के लिए धनराशि दी जाएगी। ग्रामसभा की बैठकों में सरकार के तहत निर्धारित किए गए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके बाद कार्ययोजना तैयार की गई। दो ग्राम पंचायत की ओर से अपने पंचायत के सभी वर्गों के समग्र विकास का प्लान तैयार कर अपलोड किया जाएगा। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 की नियोजन प्रक्रिया शुरू करते हुए पंचायतों के सामाजिक और आर्थिक विकास की वार्षिक योजना ग्राम पंचायत के माध्यम से तैयार की जाएगी। जिसे ग्राम सभा से स्वीकृति मिलने के बाद पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। ग्राम पंचायत को लाभ पहुंचाने वाले कार्य, सामाजिक विषयों से संबंधित गतिविधियों को स्वच्छता, नली गली निर्माण, जल आपूर्ति को विकसित करने जैसी बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया जाएगा। वहीं, बैठक में योजना भी लिया गया। मौके पर सरपंच विष्णु देव राम, कार्यपालक सहायक कुसुम कुमारी, पंचायत रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक अयोध्या पासवान, मनोज कुमार सहित ग्रामीण जनता एवं वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

## बाल विज्ञान केंद्र के जीर्णोद्धार के लिए ई निविदा प्रकाशित

**बक्सर।** जिला मुख्यालय स्थित कवलदह पोखर के समीप बाल विज्ञान केंद्र के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हेतु ई निविदा प्रकाशित की गई है। इस बाल विज्ञान केंद्र में भू तल पर प्लैनेटेरियम होगा। जिसमें 50 विद्यार्थियों को एक साथ बैठने की क्षमता होगी। जहां स्पेस, साइंस और शिक्षा से संबंधित विषयों एवं उनके सिद्धांतों को प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो के रूप में विद्यार्थियों के बीच दिखाया जाएगा। भू तल पर ही दो प्रदर्शनी रूम होंगे जिसमें विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों को मॉडल के रूप में विद्यार्थियों के बीच प्रदर्शित किया जाएगा। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि प्रथम तल पर बुक कैफे होगा जिसमें 50 विद्यार्थियों को एक साथ बैठने और अध्ययन करने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। उस तल पर भी एक प्रदर्शनी रूम होगा जिसमें विज्ञान से संबंधित सिद्धांतों को मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

## 9 सूत्री मांगों को ले केसठ से वार्ड सदस्य पटना के लिए हुए रवाना

- पंचायती राज मंत्री के बयान से खफा है वार्ड सदस्य

**केटी न्यूज/केसठ**



पटना रवाना होते वार्ड सदस्य

पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम के बयान के खिलाफ वार्ड संघ ने केसठ से पटना गर्दनीबाग में 9 सूत्री मांग को ले अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं प्रदर्शन को ले रवाना हुए। इस संदर्भ में वार्ड संघ केसठ प्रखंड के अध्यक्ष सोनू कुमार प्रसाद ने कहा कि पंचायती राज मंत्री की अभद्र टिप्पणी से वार्ड सदस्य आहत है और वार्ड सदस्य जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि है। ऐसे में उन्होंने जनप्रतिनिधि का भी अपमान किया है। वहीं उन्होंने कहा कि वार्ड क्रियान्वयन समिति के माध्यम से ही गांव का विकास हो सकता है। वार्ड सदस्य के अधिकार में कटौती कर राज्य सरकार ने विकास की गति में रुकावट की है। वार्ड सदस्य ही पंचायतों के विकास की धूरी है। सरकार को भी समझना चाहिए। वहीं वार्ड सदस्यों ने कहा कि जबतक बिहार सरकार के मंत्री माफी नहीं मांगते हैं और उनका अधिकार नहीं देते है तो भूख हड़ताल सह अनशन एवं धरना प्रदर्शन होगा साथ ही उनके खिलाफ आगे और बड़ा और उग्र आंदोलन होगा। पटना जाने वालों में अमितेश कुमार गुप्ता, दीपक कुमार सिंह, मनोज कुमार, संतोष कुमार, टुनटुन गुप्ता, गोल्डन कुमार, गंगा महतो, अखिलेश कुमार सहित प्रखंड के कई अन्य वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## मानवाधिकार का उल्लंघन करने वाले थानाध्यक्ष पर दर्ज हो मुकदमा

**डुमरांव।** मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामबहादुर सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि कोरानसराय के निलंबित थानाध्यक्ष जुनैद आलम द्वारा मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि वे कोपवां पहुंच स्व यमुना सिंह के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिए है।

थानाध्यक्ष द्वारा उन्हें गिरफ्तार करने के बाद दुर्व्यवहार किया गया है तथा थाना में भी हाजत के बदले कंम्प्यूटर कक्ष में बंद कर नियमों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ दुर्व्यवहार करने की इजाजत पुलिस के पास नहीं होती है। उन्होंने ऐसे थानाध्यक्ष तथा अन्य दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग तथा मानवाधिकार उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

# दसियांव का दिव्यांशु वायु सेना में फ्लांइग अफसर पद के लिए चयनित

- पहले प्रयास में ही यूपीएसई क्रैक कर प्राप्त किया 78वां रैंक
- दिव्यांशु की सफलता पर झूम उठे है परिजन, छाई खुशी

**प्रकाश कुमार बादल/केसठ**



दिव्यांशु कुमार

किसी ने सच ही कहा है दिल में लगन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। प्रखंड के दसियांव गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद द्विवेदी के पुत्र दिव्यांशु कुमार ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद के लिए चयनित होकर इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है। उसकी इस सफलता पर पूरा परिवार जहा खुशी से झूम उठा है। वहीं, ग्रामीण भी अपने होनहार लाल पर आह्लादित हो रहे है। दिव्यांशु की सफलता इसलिए भी बेहद खास है, क्योंकि उसने पहले ही प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए की कठिन परीक्षा को पास कर वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बन जिले को गौरवान्वित किया है। दिव्यांशु को परीक्षा के अंतिम परिणाम आने पर 78वां रैंक प्राप्त हुआ है जो संभवतः बक्सर जिले व बिहार राज्य के लिए बेहद खास है। गौरतलब है कि इसी परीक्षा में डुमरांव प्रखंड के कोपवा के सिद्धार्थ ने भी 59 वां रैंक लाया है। अनुमंडल के दोनों किशोरों की इस सफलता के बाद कैरियर की तैयारी में लगे छात्र-छात्राओं को भी अपने उम्मीदों को पंख लगाने का हौसला मिल गया है।

दिव्यांशु ने एनडीए की लिखित, इंटरव्यू एवं फिजिकल टेस्ट की परीक्षाओं के अन्तिम चयन सूची में फ्लाइंग ऑफिसर के पद के लिए चयनित होकर यह सफलता प्राप्त की है। दिव्यांशु भारतीय वायु सेना की अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पूणे जाएंगे। उनके पिता हरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी बक्सर कोर्ट में नौकरी करते हैं तथा मां मधु द्विवेदी अधिवक्ता हैं। दिव्यांशु चार भाई और बहनों में सबसे छोटा है। वह बचपन से ही कुशाग्र बृद्धि का था तथा देश सेवा की भावना कुट कुट कर भरी हुई थी। दिलचस्प यह कि उसने पहले ही प्रयास में अपने बचपन के सपने को पूरा भी कर दिखाया है।

**माता पिता को दिया कामयाबी का श्रेय :** परिजनों की मानें तो दिव्यांशु के अंदर अपने जीवन में एक अच्छा मुकाम हासिल करने का जुनून सवार था। इसके जुनून को देख उसके परिवार के लोग प्रभावित हुए और उसे मुकाम तक पहुंचने के लिए हर कदम पर उसका साथ दिया। दिव्यांशु का यह सपना पहले ही प्रयास में पूरा हो गया है। दिव्यांशु ने दसवीं की परीक्षा बक्सर डीएवी स्कूल से वर्ष 2020 में 94 प्रतिशत एवं इंटर कैंब्रिज स्कूल बक्सर से 2022 में 96 प्रतिशत अंक से उतीर्ण किया है। दिव्यांशु ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता पिता को दिया है। जो लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। वही गांव के लोग भी बेटे की सफलता पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेना में ऑफिसर बनने के बाद देश की बेहतर सुरक्षा करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में लगे युवाओं तथा किशोरों को अपने सपने को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने की सलाह दी है।

## फटाफट खबरें

### सिमरी के लिपिक के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन

**बक्सर।** उप समाहर्ता बक्सर से प्राप्त सूचनानुसार सिमरी प्रखंड कार्यालय लिपिक रघुवंश राम की बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। जिसकी जानकारी उनकी पत्नी राधिका देवी ने दी। जिसके बाद सोमवार को कलेक्ट्रेट में शोकसभा का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि रघुवंश राम शुगर एवं अन्य बीमारी के इलाज के क्रम में सिकरौल स्थित उनके निजी आवास सिकरौल में हो गया है। शोक सभा में जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ साथ समाहरणालय परिसर अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के कार्यालय प्रधान एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### फिर बढ़ा बंदरों का आंतक, लोग परेशान

**डुमरांव।** नगर के लोग बंदरों के आतंक से हमेशा सहमे नजर आते हैं। क्योकि लोगों के सुबह उठने के पहले ही इनका का हुडदंग देखने को मिलता रहता है। बंदरो के आंतक समाप्त हो इसके लिए नगर परिषद द्वारा व्यवस्था नही होने से नगरवासी आक्रोशित है। कपड़ा, मोबाईल, खाद्य पदार्थ इनके निवाले से नही बचते। नये कपड़े हो या पुराने कपड़े अगर धोने के बाद सुखाने तक अगर देख-रेख नही करते तो बंदरो के हाथ से नही बचते। सुबह होते ही ये अपने जगह से लम्बी कतारबद्ध होकर नगर के विभिन्न मुहल्लो में पहुंच भोजन की तलाश जारी रखते है। जिसमें लोगो का कपड़ा, खाद्य पदार्थ मुंह का निवाला बना तो ठीक है नही तो बर्बाद ही सही। इनकी संख्या में प्रतिदिन बढ़ोतरी होने से नगर के लोग भयभीत रहते है।

### सुविधाओं की कमी से जूझ रहा टुड़ीगंज स्टेशन

**डुमरांव।** टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव में बदहाल हो गया है। सुविधाओं के अभाव में यात्री अब प्लेटफार्म पर बैठ ट्रेन का इंतजार करने के बजाय आस पास की दुकानों में बैठ ट्रेन आने का इंतजार करते है। बताया जाता है कि स्टेशन पर यात्री शेड के अभाव के साथ ही पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत समस्याएं गंभीर हो गई है। जिस कारण सभी मौसम में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि यात्री स्टेशन पर बैठ मौसम की मार सहने के बजाय आस पास के दुकानों पर बैठना मुनासिब समझते है। हालाकि इस प्रयास में कई बार उनकी ट्रेन भी छूट जाती है। बावजूद स्टेशन पर सुविधाओं के अभाव में उनके पास दूसरा विकल्प भी नहीं है।

# सीताराम विवाह महोत्सव: व्यासपीठ के पूजन के साथ नौ दिनी श्रीमद्भागवत कथा शुरू

- खाकी बाबा सरकार की पुण्य स्मृति में 53वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव का भव्य शुभारंभ
- रामलीला में गौरीशंकर विवाह लीला का हुआ मंचन

**केटी न्यूज/बक्सर**



व्यासपीठ की पूजा करते आश्रम के महंत व अन्य



पूजन कार्यक्रम में शामिल साधु, संत व महंतगण

पूज्य श्री खाकी बाबा सरकार की पुण्य स्मृति में आयोजित होने वाले 53वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव का भव्य शुभारंभ सोमवार को नया बाजार स्थित आश्रम में हुआ। महोत्सव को लेकर पूरे आश्रम परिसर की विशेष साज सज्जा की गई है। साथ ही, मुख्य कार्यक्रम के लिए विशाल पण्डाल का निर्माण किया गया है। प्रातः काल से ही आश्रम में विभिन्न धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए। आश्रम के परिकरों द्वारा सर्वप्रथम श्री रामचरितमानस जी नवाह पारायण पाठ किया गया। तत्पश्चात दामोह की संकीर्तन मण्डली के द्वारा नव दिवसीय अखण्ड अष्टांग हरिकीर्तन प्रारंभ हुआ। वृंदावन के राम शर्मा एवं कुंजबिहारी शर्मा के निर्देशन में रासलीला के तहत माखनचोर प्रसंग का मंचन किया गया।

श्रीसीताराम विवाह महोत्सव के पहले दिन व्यासपीठ का वैदिक मंत्रोचार के पूजन के साथ 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। बसांव पीठाधीश्वर श्री अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज, श्री सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम के महंत श्री राजाराम शरण जी महाराज के कर कमलों द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर कथा की विधिवत शुरूआत की गई। पहले दिन की कथा करते हुए प्रख्यात कथावाचक भागवत मर्मज्ञ श्रीइंद्रेश उपाध्याय जी ने भागवत महात्मा की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा मनुष्य को चार पुरुषार्थ की प्राप्ति नहीं कराती है और जो मनुष्य इस भाव से कथा का श्रवण करते हैं, वह चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा साक्षात भगवत को प्राप्त करने का मार्ग है। श्रीमद्भागवत की कथा के श्रवण से भगवान की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भगवान के तीन रूप है सत्य, चीत्त और आनंद जबकि स्वरूप अनेक है रूप और स्वरूप में यही अंतर है कि जो हम दुनिया के लिए रखते हैं वह स्वरूप होता है और जो अपनों के लिए रखते हैं वह रूप होता है। श्री इंद्रेश जी ने कहा गुरु की आज्ञा का पालन बिना विचार किए हुए करना चाहिए। गुरु की आज्ञा पर विचार करना दुर्भाग्य का लक्षण है। रात्रि में रामलीला में श्री गौरीशंकर विवाह लीला का मंचन किया गया।

## वरीय पदाधिकारियों ने समझा बुझाकर हटाया जाम

# बालू लदी ट्रैक्टर जब्त कर ला रही पुलिस से उलझे माफिया, तीन घंटे तक जाम रहा हाईवे

- सात नामजद व 20 अज्ञात पर दर्ज हुआ एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**



सड़क पर खड़े बंद समर्थक व इनसेट में टायर जला सड़क को किया जाम

सोमवार को बालू लदी ट्रैक्टर को जब्त कर ला रही सोनवर्षा ओपी पुलिस को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध करने वाले पुलिस पर भेदभाव बरतने तथा वीडियो बनाने के दौरान मोबाईल छीनने का आरोप लगा रहे थे। इस दौरान सोनवर्षा हाई स्कूल के पास तीन घंटे तक आरा मोहनिया हाईवे जाम रहा। बाद में डुमरांव सर्किल इंस्पेक्टर विमल दास व नावानगर सीओ अजित कुमार के समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। जबकि भारी विरोध के बावजूद पुलिस ने अवैध बालू से लदी दो ट्रैक्टरों को जब्त कर थाने लाई और उस पर जुमार्ने की राशि तय करने के लिए खनन विभाग व परिवहन विभाग को इसकी जानकारी दी। सड़क जाम कर पुलिस के काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने सात नामजद व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। जबकि दोनों ट्रैक्टर मालिकों पर भी बालू की अवैध ढुलाई सहित खनन कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस इस मामले में बालू माफियाओं की संलिप्तता की जांच भी कर रही है। हाई-वे पर परिचालन ठप होने से तीन घंटे तक वाहन चालकों व आम यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा।

**लोगों ने दोनों ट्रैक्टर को रोक चालकों को वहां से भगा दिया :** मिली जानकारी के अनुसार सोनवर्षा ओपी पुलिस गुप्त सूचना पर लाल बालू से लदी दो ट्रैक्टरों को जब्त कर उनके चालकों से ही ट्रैक्टर चलवा थाने पर ला रही थी। इसी दौरान हाई स्कूल के पास लोगों ने दोनों ट्रैक्टर को रोक चालकों को वहां से भगा दिया। हालाकि तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ट्रैक्टरों को लेकर थाना पहुंची। इस दौरान स्थानीय निवासी पुलिस टीम से भी उलझ गए तथा एक ट्रैक्टर को छोड़ने, मोबाइल छिन वीडियो डिलीट करने का आरोप लगा आरा मोहनिया हाईवे को टायर जला जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर विमल दास, सीओ अजित कुमार, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, वासुदेवा ओपी प्रभारी विष्णु कुमार सदल बल मौके पर पहुंच लोगों को समझा बुझा जाम हटवाया।

**आरोपितों पर की जा रही है कार्रवाई :** गुप्त सूचना पर बालू लदी दो टैक्ट्ररों को जब्त किया गया है। घटना के बाद वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। तत्पश्चात, सड़क जाम करने वालों पर एफआईआर कर जांच की जा रही है। इस मामले में बालू माफियाओं की भूमिका की जांच हो रही है। - ज्ञान प्रकाश, सोनवर्षा ओपी प्रभारी

### बालू माफिया रहते हैं सक्रिय

सूत्रों की मानें तो इस इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध बालू की ढुलाई होती है तथा अमरपुरी गांव के पास बालू माफिया सक्रिय रहते हैं। जो बालू की बिक्री भी करवाते हैं। जानकारों का कहना है कि पुलिस द्वारा बालू लदी ट्रैक्टरों को जब्त किए जाने के बाद सक्रिय बालू माफियाओं ने ही चालकों को भगवा सड़क जाम करवाया था। इस दौरान पुलिस से उलझने के साथ ही पुलिस पर दोष मढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने जब उनका मोबाइल लौटाया तो उसमें वीडियो डिलीट नहीं हुआ था बल्कि उनका वीडियो सुरक्षित था। ऐसे में उनका आरोप गलत साबित हुआ।

## छोटी खबरें

### गेंहू बुआई के पिक आवर में खराब पड़ा है सरकारी नलकूप, किसानों की बढ़ी समस्या



**कृष्णाब्रह्म।** डुमरांव प्रखंड क्षेत्र के सोवां गांव के पश्चिम टोला तथा गांव के उत्तर बधार में स्थित दो सरकारी नलकूप पिछले 5 साल से खराब हो गए है। इन नलकूपों के बंद होने से किसानों को सिंचाई की समस्या गंभीर बन गई है। जबकि किसान निजी नलकूप के सहारे पटवन करने को मजबूर हो रहे है। बताते चले कि एक समय था कि जब सोवां में सरकारी नलकूप होने से लोग अपने खेती का सिंचाई समय पर कर लेते थे। लेकिन वही अब इसके खराब होने से किसान महंगाई के दौर में अपने खेतों के सिंचाई करने में असमर्थ हो रहे है। जिन लोगों के पास निजी मोटरपंप है वे लोग तो अपना खेती कर लेते है लेकिन जिनके पास कोई सुविधा नहीं है उन लोगों के खेतों की सिंचाई मुश्किल से हो रही है। सोवां गांव के जालिम महतो ने बताया कि नलकूप बंद होने से खेतों का पटवन नहीं हो रहा है। जिन लोगों का निजी मोटरपंप है वे लोग तो अपना खेती कर ले रहे है। लेकिन जिनके पास अपना मोटर पंप नहीं है उन्हें खेती करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों से खराब पड़े नलकूपों के मरम्मत की मांग डीएम व कृषि विभाग से की है।

### युवाओं का बड़ा वर्ग शराब तस्करी से जुड़ा, तीन गुना अधिक दाम चुकाने पर होम डिलीवरी



**बक्सर।** जेब में पैसे हैं तो होम डिलीवरी की भी सुविधा। बस कीमत बाजार मूल्य से तीन से चार गुना चुकानी होगी। साल 2016 में शराब बंदी के बाद बिहार और खासतौर से गंगातटवर्तीय में यही स्थिति है। आपको बस एक फोन करने की जरूरत है। कुछ ही मिनटों में शराब आपके घर तक पहुंचा दी जाएगी। यूपी से जुड़े दियारांचल में युवाओं का एक बड़ा वर्ग शराब तस्करी के धंधे से जुड़ गया है। हालांकि स्थानीय पुलिस इसे रोकने लिए हमेशा प्रत्यासरत है। प्रतिदिन छापेमारी होती भी है। तस्करों की गिरफ्तारी भी होती है। परन्तु धंधेबाज जेल जाने के बाद तुरंत ही जमानत पर बाहर आ जाते है। उसके बाद और दुगने रफ्तार में धंधे में जूट जाते है। कई गांव ऐसे भी है जहां बाप-बेटा, पत्नी, मां व बेटी भी इस धंधे में जुड़ी है। पांच वर्ष पूर्व 5 अप्रैल 2016 को पूर्ण शराब बंदी के बाद कुछ महीने तक इसका व्यापक असर देखा गया। महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी आई, मगर इसके बाद धीरे-धीरे स्थिति पहले की तरह हो गई। अंतर बस इतना आया कि शराब की सरकारी दुकानें तो बंद हो गईं। मगर शराब की खपत और बिक्री में कोई कमी नहीं आई। जिनकी जेब में पैसे हैं, उनके लिए शराब हासिल करना पहले की तुलना में ज्यादा आसान है। हां, अंतर बस इतना आया है कि पहले लोग शराब पी कर हंगामा करते थे, अब ऐसी घटनाओं में कमी आई है। जानकारों की मानें तो शराब बंदी के बाद इस में इतना पैसा दिखा की सभी नाते रिश्ते समाप्त हो गए। जहां पुरुष के साथ महिलाए भी इस धंधे में जुड़ी तो बेटे व बेटियों को भी होम डिलेवरी के लिए उतारा। अबतक एक दर्जन से अधिक ऐसे गांवों का चिन्हित किया जा चुका है जहा लंबे समय से लगातार शराब की तस्करी व निर्माण हो रहा है।

### फुटपाथ वेंडिंग कमिटी की बैठक नहीं होने से आंदोलन का मूड बना रहे फुटपाथी दुकानदार

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद में पिछले एक साल से अधिक समय से फुटपाथ वेंडिंग कमिटी ( टीवीसी ) की बैठक नहीं हो सकी है। जबकि नगर विकास विभाग के नियमों के मुताबिक प्रत्येक तीन महीने में एक बार यह बैठक होनी चाहिए। इस बैठक में ही फुटपाथी दुकानदारों के बेहतरी व फायदे के लिए कई निर्णय लिए जाते है। लेकिन एक साल से अधिक समय से बैठक नहीं होने से डुमरांव के फुटपाथी दुकानदारों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। प्रबंधन की उदासनीता से अब फुटपाथी दुकानदार आंदोलन का मूड बना रहे है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित यह कार्यक्रम नगर परिषद के उदासीनता का शिकार है। टीवीसी के वरिष्ठ सदस्य मिंटू हाशमी ने कहा कि ईओ मनोज कुमार एक साजिश के तहत पिछले एक वर्षों से टीवीसी का बैठक नहीं कराए हैं। जिस कारण वेंडिंग जोन का निर्माण का प्रस्ताव अधर में लटका है। बैठक के अभाव में फुटपाथी दुकानदारों को डेनूलम के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार द्वारा जारी नियम का हवाला देते हुए सदस्यों का कहना है कि इसके लिए नप के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। नगर परिषद के सिटी मिशन मैनेजर राकेश पांडेय का कहना है कि पिछले दिनों विवाद को लेकर शहर के टाउन वेंडिंग कमेटी को भंग कर दिया गया है। कमेटी भंग करने की जानकारी जिला पदाधिकारी महोदय को देते हुए नई कमेटी गठित करने की अनुशंसा की गई है। इसी चलते टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक नहीं हो रही है। जबकि मिंटू ने इसे खारिज करते हुए कहा कि टीवीसी को भंग करने का अधिकार नगर परिषद को नहीं है।

## बक्सर एसपी बोले... जब बच्चे पढ़ेंगे तभी समाज से कुरीतियों को दूर करेंगे

**केटी न्यूज/ बक्सर**



क्राइम कंट्रोल व नशामुक्ति के लिए पुलिस पब्लिक की बेहतर तालमेल जरूरी है। केशव टाइम्स से बातचीत करते हुए नीरज कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच की कड़ी मजबूत हो सके। समाज कल्याण में मौलिक कर्तव्य का बहुमूल्य स्थान है। एसपी नीरज ने कहा कि जिले में अबतक हुए अपराध में जो बातें सामनें आ रही है। उसमें अजीब लगता है। टीन ऐजर बच्चों में अपराधी बनने की एक तुफान सी चली है। क्योंकि अबतक के घटनाओं के पीछे कोई बड़ा अपराधी नहीं सभी टीन एजर के बच्चे घटना को अजंमा दे रहे है। एसपी ने कहा पूर्वजों ने कहा था कि हर मां बाप अपने बेटे के प्रति संघत पर कम से कम निगरानी करें, नहीं तो एक-एक करके के अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। फंसने के बाद आवेदन लेकर पहुंचते है कि सर हमार बेटा त अभी पढ़ता, परन्तु पुलिस एफआईआर में नाम आने के बाद मजबूर हो जाती है। इसलिए सभी अभिभावकों को अपनी बच्चों पर नजर रखनी इतना जरूर चाहिए की उसका किसके साथ उठना बैठना है उसके साथ रहने वाले लड़के की हरकत क्या है। ऐसा करने से दो फायदे समाज को होगा।

## कतकिनार पंचायत के वार्ड छह व सात के प्रत्येक घरों में वितरित किए गए डस्टबिन

- लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/केसठ**



लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सोमवार को प्रखंड के कतकिनार पंचायत में डस्टबिन वितरण की शुरुआत की गई। पहले दिन वार्ड संख्या छह व सात के प्रत्येक घरों में डस्टबिन दिया गया। वितरण कार्य पंचायत के मुखिया छठु राम के नेतृत्व में किया गया।

मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार, वार्ड सदस्य सत्येंद्र कुमार, उषा देवी आदि मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान वार्ड संख्या छह में 60 लोगों को एवं वार्ड संख्या सात में लगभग 100 लोगों को एक हरा एवं एक नीला डस्टबिन वितरित किया गया तथा बताया गया कि हरा डस्टबिन में गीला कचरा एवं नीला डस्टबिन में सूखा कचरा रखा जाएगा। मुखिया व स्वच्छता पर्यवेक्षकों द्वारा घर से निकले कचरे को उक्त डस्टबिन में ही रखने के लिए लोगों को सलाह दिया गया। उक्त कचरें को सफाई कर्मी प्रतिदिन उठाव करके चिन्हित जगह पर ले जाकर फेंकेंगे। इस दौरान ग्रामीणों से अपने घर के साथ साथ आस पास के परिवेश तथा गलियों और नालियों को भी साफ सुथरा रखने की अपील की गई। तथा नालियों में प्लास्टिक वगैरह नहीं फेकने की अपील की गई।

# फसल अवशेषों को जलाएं नहीं, इसे बनाएं बिजनेस का आधार : डीडीसी

- जिला मुख्यालय में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले का हुआ शुभारंभ
- जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से की पराली नहीं जलाने की अपील

**केटी न्यूज/बक्सर**




कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीडीसी व अन्य

जिला मुख्यालय स्थित बाजार समिति के प्रांगण में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यांत्रिकीकरण मेला का उद्घाटन उपविकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल, जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार व किसान प्रतिनिधि श्री परशुराम चतुवेर्दी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में आए किसानों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि मृदा प्राण के समान है। अगर प्राण ही नहीं रहेगा, तो जीवन बेकार है। ठीक उसी प्रकार पराली जलाकर मृदा को नुकसान पहुंचाना खेतीबाड़ी के लिए गम्भीर खतरा है। अगर समय रहते हम नहीं पराली जलाने के विरुद्ध जागरुक नहीं हुए, तो जीवन, पर्यावरण व धरती माता को नुकसान पहुंचाने का कारक हम ही होंगे। इसके लिए हमें स्वयं आगे आना होगा तथा पराली को बिजनेस के रुप में बदलना होगा। उन्होंने जल-जीवन-हरियाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल, जीवन तथा हरियाली खुशहाली का आधार है।

**कृषि यंत्रों के लिए निर्गत किए गए थे 271 परमीट :** वहीं, जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि मेला में कृषि यंत्र का 271 परमीट निर्गत किया गया है, जिसमें कुल एक करोड़ 14 लाख रुपये व्यय होंगे। विभाग द्वारा पराली प्रबंधन वाले यंत्रों पर अभियान चलाकर अनुदान देने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने पराली जलाने वाले किसानों को नसीहत देते हुए कहा कि अगर पराली को फायदे का उत्पाद के रुप में इस्तेमाल करें, तो अनाज उत्पादन में मुनाफे के साथ-साथ पराली उत्पादन पर मुनाफा प्राप्त कर दोहरा फायदा प्राप्त कर सकते हैं। स्ट्रा बेलर यंत्र द्वारा पराली का बंडल बनाकर किसान भविष्य के लिए सुरक्षित रखें, तो स्वयं मवेशियों के लिए चारा के रुप में इस्तेमाल कर दूसरे पशुपालकों को अच्छे कीमत पर बिक्री कर सकता है।

**मेला में यंत्रों के लगाए गये थे 17 स्टॉल :** कृषि विज्ञान केन्द्र,बक्सर के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान वैज्ञानिक श्री हरिगोविंद जायसवाल, मृदा विशेषज्ञ डॉ देवकरण, पादप सुरक्षा विशेषज्ञ श्री रामकेवल ने रबी फसलों के प्रबंधन पर प्रकाश डाला। कृषि यांत्रिकीकरण मेला में यंत्रों के 17 स्टॉल लगाए गये थे। जिसमें अत्याधुनिक कृषि यंत्र का लाइव डेमो की भी व्यवस्था की गई थी। मेला में किसान प्रतिनिधि परशुराम चतुवेर्दी, सभी सहायक निदेशक, बीएओ, कृषि समन्वयक, बीटीएम, एटीएम, जिलास्तरीय आत्माकर्मी सहित प्रगतिशील कृषक ललन राय, शंकर पासवान, मोहन यादव, कृष्ण बिहारी राय, चितरंजन तिवारी सहित अन्य कृषक उपस्थित थे। वहीं मंच संचालन अमान अहमद ने की। कृषि यांत्रिकीकरण मेला 22 नवंबर को भी संचालित रहेगा।

## छोटी खबरें

### टीपू सुल्तान पर हर भारतीय को होना चाहिए गर्व, नहीं भूलेंगे उनकी कुर्बानियां : शमीम खान



**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी जनपद बलिया ने हजरत टीपू सुल्तान के यौमे विलादत के मौके पर केक काटा और उनके जीवन, संघर्ष और कुर्बानियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान टीपू सुल्तान अमर रहे, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि टीपू सुल्तान केवल एक अच्छे शासक ही नहीं थे, एक जांबाज योद्धा, वैज्ञानिक और एक बेहतरीन समाज सुधारक भी थे। विश्व में मिसाइल का प्रथम आविष्कार इनके सिद्धांतों पर ही हुआ। जब तक जीवित रहें, अंग्रेजों की कोई भी चाल काम ना आई। उनकी बहादुरी का आलम यह था कि इनके मृत्यु के बाद भी अंग्रेजों की हिम्मत नहीं हुई थी कि उनके पास जाकर खड़े हो पाए। उस दौर में जब दलित समाज की महिलाओं को अपना स्तन ढकने का अधिकार नहीं था वो अधिकार हजरत टीपू सुल्तान ने अपने शासनकाल में दिलाने का काम किया। देश टीपू सुल्तान के इस कुबार्नी का कर्जदार है। इस अवसर पर पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, प्रमुख जिला महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, एजाज अहमद, नसीम अहमद, मोहम्मद सोहेल, एजाज अंसारी, नौशाद अहमद, मोहम्मद आजाद, बस जादाअहमद, मिट्ठू भाई, सिराज भाई, रिजवान अहमद, परवेज आलम, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, अब्दुल्लाह अंसारी, सनाउल्लाह खान उर्फ सन्नी, मोहम्मद शफी आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने की विरोध सभा, राज्य विद्युत परिषद का गठन जल्द हो



**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने अपनी मांगों को लेकर लालदारवाजा पावर हाउस पर विरोध सभा किया। जिसमें जिला संयोजक निर्भय सिंह ने बताया कि राज्य विद्युत परिषद का जल्द गठन किया जाए। वहीं बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं की न्याय संगत समस्याओं का समाधान किया जाए। उत्तर प्रदेश ऊर्जा निगमों में शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन की स्वेछाचारित विभाग के सेवा नियमों व श्रम अधिनियमों एवं मानवाधिकारों के कानून के इतर कार्मिकों से कार्य लिए जानें, अव्यवहारिक लक्ष्यों के आधार पर समीक्षा कर बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में शिखर प्रबंधन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाकर औद्योगिक शांति को भंग करने के अलोकतांत्रिक प्रयास पर तत्काल रोक लगाई जाए। सह संयोजक अभिषेक राय ने बताया कि सभी बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं को पूर्व की भांति नौ वर्ष कुल 14 एवं 19 वर्ष की सेवा के उपरांत पदोन्नत पद के समयबद्ध वेतमान प्रदान किए जाए। विरोध सभा में मुख्य रूप से सहायक अभियंता मिठाईलाल, शेखर सिंह जूनियर इंजीनियर, संगठन के जिलाध्यक्ष रोहित खरवार अवर अभियंता, पंकज सिंह, नीरज सोनी, अविनाश सिंह,अमित गुप्ता, विद्युत मजदूर पंचायत के जिला संरक्षक शिवदर्शन सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, जिला मंत्री विजयशंकर राय, विष्णु राय, विजेंद्र यादव, सलीम अंसारी सहित समस्त विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

### विद्यालय में गंदगी देख समाजसेवी ने मुख्यमंत्री योगी को किया ट्वीट, मचा हड़कंप



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर क्षेत्र के धामूपुर स्थित शहीद वीर अब्दूल हमीद गांव के कंपोजिट विद्यालय के शौचालय में गंदगी देख तथा शौचालय में पानी ना आने की व्यवस्था देख गांव के समाजसेवी अनिकेत चौहान ने सीएम के पोर्टल पर इसकी सूचना वीडियो के साथ वायरल कर दी। शाम होते ही पूरे विभाग में हड़कंप मच गया। दूसरे दिन भोर में ही पहुंचे तीन सफाई कर्मियों ने पूरे विद्यालय के शौचालय सहित सभी जगहों की साफ-सफाई करके चकाचक कर दिया। समाजसेवी अनिकेत चौहान ने बताया कि गांव के ही कुछ बच्चों ने बताया कि वह शौचालय के लिए स्कूल से बाहर जाते हैं। कारण पूछने पर बताया कि विद्यालय में बने शौचालय में काफी गंदगी रहती है तथा पानी नहीं आता है। इसके चलते हम लोगों को विद्यालय के बाहर सड़क पार करके जाना पड़ता है। अनिकेत चौहान ने इसकी जानकारी मिलने पर पहले इसकी शिकायत क्षेत्र के सफाई कर्मियों से की लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। जब शनिवार को उसने इसकी शिकायत सीएम पोर्टल पर की तो अगली सुबह सफाई कर्मियों ने पूरे विद्यालय के शौचालय सहित सभी जगहों को साफ सफाई कर चमका दिया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में हजारों रुपए का सामान जलकर राख



**बलिया।** जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के नारायनपली गांव में रविवार की दोपहर बिजली के शार्ट सर्किट से रिहायशी मड़हे में आग लगने से उसमें रखा हजारों रुपए मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया। नारायनपाली गांव में शिवचन्द राम की रिहायशी मड़हा है। रविवार को दोपहर में घर के सदस्य धान की फसल काटने खेत गए थे।इसी बीच बिजली के शार्ट सर्किट से मड़हे में आग लग गई। आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग ने पूरे मड़हे को अपनी आगोश में ले लिया। आग से मड़हे में रखा पांच किविंटल गेंहू के बीज, डाई, अनाज, चौकी, चारपाई, साइकिल, लकड़ी सहित हजारों रुपए का गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। मड़हे में खूंटे पर बंधी गाय को आसपास के लोगों ने किसी तरह से बाहर निकाला व काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं, दूसरी घटना करनई गांव की है। जिसमें करनई गांव के राजवड़ मौजे के बब्बन यादव पुत्र स्वर्गीय महिपाल यादव के मड़हा में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से मड़हा में रखा 8 कुंटल गेहूं, साइकिल, भैंस, खेती के लिए बीज, खाद, मोटर व 10 हजार नगद जलकर खाक हो गया। वहीं भैंस के बचाने में दो लोगों का हाथ भी जल गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करने में लग गए। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर ग्रामीणों ने काबू पाया।

## मुख्तार अंसारी के भतीजे मंसूर के खिलाफ कार्रवाई, 4.4 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

- आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गई संपत्तियों पर चला पुलिस का डंडा
- अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने मुनियादी कर सील की प्रोप्टर्टी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



गाजीपुर जिला पुलिस ने कुख्यात मुख्तार अंसारी के भाई खुशेर्दुल हक अंसारी के बेटे मंसूर अंसारी व पत्नी आबदा अंसारी मुहम्मदाबाद थाना अंतर्गत युसूफपुर निवासी के द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गई 4.4 करोड़ की बेनामी अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों पर मुनियादी कर दो प्रोप्टर्टी कुर्क की। पहली अचल संपत्ति एक करोड़ 15 लाख रुपये तथा दूसरी तीन करोड़ 25 लाख रुपये की बताई जा रही है। बताया जाता है कि जिलाधिकारी के द्वारा निर्गत आदेश के बाद पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। इस पुलिसिया कार्रवाई के बाद अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि अभियुक्त मंसूर अंसारी ने अपनी पत्नी आबदा अंसारी व अपने सहयोगी निस्बाहुद्दीन अहमद की पत्नी निकहत जहां के नाम पर भू-सम्पत्ति क्रय की थी। जिला पुलिस ने अवैध तरीके से अर्जीत धन से खरीद फरोख्त कर दाखिल खारिज न कराना तथा अन्य अवैध क्रिया-कलाप की बदौलत खरीदी गई एक करोड़ 15 लाख रुपये की भू-सम्पत्ति को मुनादी कर कुर्की की कार्रवाई की।

**सदर थाना क्षेत्र में तीन संपत्तियां कुर्क :** पुलिस प्रशासन ने माफिया मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्तियों पर कुर्की की ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। पुलिस प्रशासन ने मुख्तार की 4.40 करोड़ की बेनामी संपत्ति कुर्क कर ली है। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में तीन संपत्तियों की कुर्की की, जबकि मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठे की कुर्की की है। एसडीएम और सीओ पुलिस प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद कुर्की की कार्रवाई से पहले मुनादी कराकर इसकी जानकारी दी गई। बेनामी संपत्तियों पर प्रशासन ने कुर्की का बोर्ड लगाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद स्थित आराजी नम्बर 110, रकबा 0.008 हे. और आराजी नंबर 112 ग, रकबा 0.0496हे. कुल रकबा 0.504 हे. भू-संपत्ति क्रय की गई थी।

**माल गोदाम रोड स्थित दुकानें भी सीज :** अवैध तरीके से अर्जित धन से खरीद फरोख्त कर दाखिल खारिज न कराना और अन्य अवैध क्रिया-कलाप किये जाने के कारण सम्बन्धित अचल भू-संपत्ति को मुनादी कर कुर्की की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा सदर कोतवाली क्षेत्र में कपुरपुर में दो अचल सम्पत्तियों को और मालगोदाम रोड स्थित दुकानों को सीज किया गया है। जिले में मुख्तार अंसारी की 4 स्थानों पर कुल 4.40 करोड़ की बेनामी संपत्ति सीज की गई है। कुर्क की गई मुख्तार अंसारी की ये लैंड प्रॉपर्टी उसके चचेरे भाइयों मंसूर अंसारी और मिसबाहुद्दीन की पत्नियों के नाम थी। सीज की गई मुख्तार की जमीन पर ईंट-भट्ठा का कारोबार चल रहा था। इसके साथ ही जिले में मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों की कुछ अन्य सम्पत्तियां आज ही कुर्क होनी हैं, जिसको लेकर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बनारस के भेलखा गांव के पास हुई मुठभेड़, एक साथी भागने में हुआ सफल

# बिहार के बाढ़ कोर्ट की हाजत से फरार दो अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में ढेर

- तीनों शातिर अपराधी सहोदर भाई, सभी पर लूट व हत्या के कई मामले दर्ज
- फरार अपराधी को पकड़ने के लिए लगाई गई पुलिस की तीन टीम

**केटी न्यूज/वाराणसी**



घटनास्थल की जांच करती फॉरेंसिक टीम व इनसेट में अपराधियों के हथियार

पुलिसिया इकबाल को चुनौती देने वाले दो अपराधियों को क्राइम ब्रांच ने सोमवार को वाराणस में हुए मुठभेड़ में मार गिराया। हालांकि, मुठभेड़ में उनका तीसरा साथी भागने में कामयाब रहा। अपराधियों और क्राइम ब्रांच के बीच हुई इस मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के भेलखा गांव में रिंग रोड के समीप क्राइम ब्रांच ने तीनों अपराधियों को घेर लिया। जिसे देख अपराधियों ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान आमने-सामने की कई राउंड फायरिंग हुई। गोलियों की तडतड़ाहट से पूरा इलाका थर्रा उठा। क्राइम ब्रांच की फायरिंग में दो अपराधी गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हो गए। लेकिन, उनमें से एक फरार हो गया। जख्मी अपराधियों को आननफानन में अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि दोनों की शिनाख्त रजनीश उर्फ बऊआ सिंह निवासी गोलवा जिला समस्तीपुर (बिहार) और उसके सगे भाई मनीष के तौर पर हुई है। तीसरा फरार आरोपी इनका भाई लल्लन है। यह तीनों अत्यंत शातिर हत्यारे एवं लुटेरे हैं। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मारे गए बदमाशों की डिटेल्ड क्रिमिनल हिस्ट्री बिहार पुलिस से मांगी है।

**पुलिस को देखते ही बदमाशों ने शुरू कर दी फायरिंग :** पुलिस आयुक्त ने बताया कि सोमवार तड़के सर्विलांस की मदद से पता लगा कि घटना में वांछित तीन अपराधी भेलखा गांव के पास रिंग रोड से गुजरने वाले हैं। इस पर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच और बड़ागांव थाने की पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों को गोली लगी। बदमाशों की गोली से क्राइम ब्रांच के सिपाही शिव बाबू भी घायल हुए। एक बदमाश भाग निकला। पुलिस सभी घायलों को जिला अस्पताल लेकर गई। अस्पताल में दोनों बदमाशों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिपाही को भर्ती किया गया।

**लल्लन की तलाश के लिए लगाई गई तीन टीमें :** घटनास्थल से फरार लल्लन की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। मुठभेड़ की जानकारी के बाद फील्ड यूनिट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। बदमाशों के पास से बरामद हुई 9 एमम पिस्टल के मिलान की कार्रवाई के लिए उसे मुख्य आरमोरर के पास भेजा गया। यह वही पिस्टल है जो दरोगा से लूटी गई थी। मुठभेड़ की जानकारी के बाद फील्ड यूनिट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। बदमाशों के पास से बरामद हुई 9 एमम पिस्टल के मिलान की कार्रवाई के लिए उसे मुख्य आरमोरर के पास भेजा गया है।

### 13 दिन पहले दारोगा से लूटी थी पिस्टल

जानकारी के अनुसार बीते आठ सितंबर को रजनीश, मनीष व लल्लन बिहार के बाढ़ कोर्ट की हाजत से फरार हुए थे। जिसके बाद बिहार पुलिस को इनकी सरगर्मी से तलाश थी। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक 9 एमएम पिस्टल और एक 32 बोर का पिस्टल, बाइक, मोबाइल फोन और जरूरी कागजात बरामद किए हैं। यह पिस्टल वही है, जिसे दरेखू में 9 नवंबर की शाम लक्सा थाने में तैनात दरोगा अजय यादव पर तीन बदमाशों ने हमला बोला था। गोली मारकर सरकारी पिस्टल लूट ली थी। कमिश्नरेट विस्तार के बाद इस घटना ने महकमे को हिलाकर रख दिया था। बदमाशों की गिरफ्तारी और सरकारी पिस्टल की बरामदगी करना भी पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी। पुलिस आयुक्त ने बताया कि दारोगा अजय यादव को गोली मार कर पिस्टल लूटने की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगातार लगी हुई थीं।

### सामुदायिक शौचालय व पंचायत सचिवालय का हुआ उद्घाटन

**गाजीपुर।** एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मनिहारी ब्लॉक के हंसराजपुर में विधायक निधि योजना अंतर्गत बने श्री बाबा बंशीधर ब्रह्म स्थान प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। इसके साथ ही हंसराजपुर ग्राम सभा में बने सामुदायिक शौचालय एवं ग्राम पंचायत सचिवालय का उद्घाटन किया। लोकार्पण के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।समारोह में जनता को सम्बोधित करते हुए एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने ग्राम सचिवालय के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि अब किसी भी ग्रामीण को आय जाति, निवास या फिर किसी अन्य आवेदन आदि के लिए गांव की जनता को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बिरनो राजन सिंह, प्रधान संघ के अध्यक्ष अंशु सिंह, हंसराजपुर प्रधान ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी अजय सिंह और बड़ी संख्या में प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के बाद एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने विमला रमाशंकर महाविद्यालय युसुफपुर खंडवा में स्मार्टफोन वितरण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद हुए एमएलसी ने 108 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किया। एमएलसी के हाथो स्मार्ट फोन प्राप्त कर सभी छात्र/छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

## यूपी में अधिकार सेना युवा दल की बढ़ी रफ्तार, राजनीतिक दलों में बेचैनी

**केटी न्यूज/वाराणसी**



यूपी में अधिकार सेना युवा दल की रफ्तार तेज हो गई है। अधिकार सेना युवा दल के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश महासचिव रितेश पांडेय एवं प्रदेश मंत्री प्रफुल्ल पांडेय ने पार्टी की कमान संभाल ली है। युवा नेताओं के नेतृत्व में रविवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अधिकार सेना युवा दल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल- मालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर नेता द्वय ने उन्हें पार्टी से निडर एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए अधिकार पत्र भी दिया। प्रदेश में अधिकार सेना युवा दल के सक्रिय नेताओं को पार्टी के संस्थापक अमिताभ ठाकुर एवं केंद्रीय कार्यालय प्रभारी नूतन ठाकुर ने बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को आगे ले जाने में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। नगर निगम/नगर पालिका चुनाव में भी अधिकार सेना ज्यादातर सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। वाराणसी में जिला कार्यकारिणी के बाद अधिकार सेना युवा दल एक कार्यकारिणी का भी गठन हो गया है। बैठक में मुख्य रूप से वाराणसी जिला अध्यक्ष विकास पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री ज्ञानेंद्र कुमार साहू, महासचिव डॉ. किशोर कुमार सिंह, जिला मंत्री उदय मिश्रा व उदय शंकर शास्त्री, अभिषेक पांडेय, संगठन मंत्री रोशन सिंह तथा सक्रिय महिला ममता सिंह शामिल रहीं।

### विद्यालय का ताला तोड़ सामानों की चोरी




**बलिया।** जिले के चिलकहर शिक्षा क्षेत्र के कन्या प्राथमिक विद्यालय प्लस टू कुरेजी में रविवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मौका मुआयना के बाद जांच में जुट गई। घटना की तहरीर दे दी गई है। कन्या प्रथमिक विद्यालय प्लस टू कुरेजी के प्रधानाध्यपक लक्ष्मी शंकर चौहान ने बताया कि प्रतिदिन के तरह सोमवार की सुबह विद्यालय खोलने पहुचें तो छह कमरों का ताला टूटा देखा। जिसमें प्रधानाध्यपक कक्ष से ब्लूटूथ स्किपकर, एक फरार्टा पंखा सहित सभी 5 कमरों में लगे सीलिंग पंखे को चोर खोल कर ले गए। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मौका मुआयना के बाद जांच में जुट गई।

### सुरक्षा को देखते हुए सभी दुकानों पर लगाएं सीसीटीवी कैमरा : एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने जिले के व्यवसायियों के साथ की बैठक
- सुरक्षा को लेकर विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर सभागार में व्यापार मंडल के विभिन्न पदाधिकारियों व व्यापारी बंधुओं तथा ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करने वाले दुकानदारों की मीटिंग ली गई। मीटिंग में एसपी द्वारा दुकानदारों से अपनी अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा अन्य सुरक्षा के उपाय करने के लिए सलाह दी गई। एसपी ने दुकानदारों से उनकी विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें पूर्ण सुरक्षा व शांति की भावना का एहसास कराया गया। एसपी द्वारा व्यापारी बंधुओं से सुरक्षा से संबंधित सुझाव लिए गए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने के लिए आग्रह किया गया तथा उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि उनकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। व्यापारी गणों को पूर्ण सुरक्षा व शांति व्यवस्था का आश्वासन देते हुए एसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, सभी सर्किलों के सीओ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## हम खुद अपनी सुरक्षा की चिंता करें तो नहीं होंगी दुर्घटनाएं : प्रो. विजय

- एनसीसी कैडेटों द्वारा चलाया गया यातायात सुरक्षा के लिए जागरूता अभियान
- एएसपी ने कहा- कम स्पीड में चलें, सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




राज्य सरकार सबकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा महाविद्यालय सदैव इसके लिए तत्पर है। इस कार्य के लिए शासन -प्रशासन के हर तरह के सहयोग के लिए हम आगे रहेंगे। यातायात माह संगोष्ठी के क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार राय ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि हम खुद अपने सुरक्षा की चिंता करें तो दुर्घटनाएं नहीं होंगी। उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक गोपीनाथ सोनी ने कहा कि जबतक हम लोग मिलकर इसे मुहिम के रूप में नहीं लेंगे, तबतक हम सड़क को सुरक्षित नहीं बना पाएंगे। यातायात के नियमों का पालन सड़क से है। अगर हर व्यक्ति यह सोच ले कि हम नियमों का पालन करेंगे, तो कभी भी दुर्घटनाएं नहीं होंगी। हम संकल्प लें कि हम कम स्पीड में चलें, सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करें। पूछे प्रश्न के उत्तर में जिले के एएसपी गोपी नाथ सोनी ने बताया कि ब्रेकर नियम में नहीं है। पैदल चलने वालों के लिए भी नियम है। उन्हें भी नियमानुसार अपने पंक्ति में ही चलना है। गाड़ी चलाते समय ईयर फोन लगाना नहीं चाहिए।

इसके पूर्व विशेषरगंज चौकी पर 30 एनसीसी कैडेटों द्वारा यातायात सुरक्षा संबंधित पम्पलेट, हेलमेट पहनने का आग्रह एवं डीएल चेक कर चालान काटा गया। साथ ही, लंका बस स्टैंड पर यही कार्रवाई की गई। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अवधेश नारायण राय, प्रोफेसर अजय कुमार राय, डॉ. नितिन कुमार राय, डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर गायत्री सिंह, डॉ. नारायण राय, सौम्या वर्मा, तूलिका श्रीवास्तव, डॉ निवेदिता सिंह, डॉ कंचन सिंह, डॉ राकेश सिंह, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. सतीश कुमार राय, डॉ. कृष्ण कांत दुबे, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. कुशल पाल, संजय कुमार, अजय सिंह आदि सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन लेफ्टिनेंट डॉ. विलोक सिंह एवं संचालन डॉ. कृष्णानंद चतुवेर्दी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार राय ने किया।